# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. उदयपुर में "राजस्थान औद्योगिक व्यापार एक्सपो -2026" के कौनसे संस्करण का आयोजन हुआ था ??

(A) दूसरे

(B) पहले

(C) तीसरे

(D) इनमें से कोई नही

- झीलों की नगरी उदयपुर में 20 मार्च से तीन दिवसीय राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो (राइटेक्स-2026) का आगाज हुआ।
- 20 से 22 मार्च तक बीएन कॉलेज ग्राउंड में आयोजित यह एक्सपो राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश और तकनीकी नवाचार को नई दिशा देने वाला मंच था जिसका आयोजन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा किया गया , जिसमें देशभर के उद्योग, स्टार्टअप और निवेशक भाग लिए
- उदयपुर में "राजस्थान औद्योगिक व्यापार एक्सपो -2026" के दूसरे संस्करण का आयोजन हुआ था

## Yesterday Revision

01. 27वें नेशनल डेफ सीनियर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के तहत 25-26 मार्च को चंडीगढ़ में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जोधपुर की राखी अटल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीते

02. हवाई यात्रियों को राहत देते हुए जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्रदेश के पहले 'उड़ान यात्री कैफे' की शुरुआत कर दी गई है।

03. राजस्थान पुलिस में डीएसपी रजत चौहान ने बैंकॉक में एशिया कप रैंकिंग तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीते।

04. राज्य के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा विकसित फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी एनालिसिस डैशबोर्ड को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है।

05. राजस्थान के सरकारी स्कूलों में घटते नामांकन को थामने के लिए शिक्षा विभाग ने अब पहली कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष के बजाय 5 वर्ष कर दी गई है। ।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A)प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत राज्य में 262 स्थानों पर 591 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे

(B) इसके लिए 81.12 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की है।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए शहरी क्षेत्र और राजमार्गों पर सस्ती चार्जिंग सुविधा बढ़ाने के राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम की योजना को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है।
- इसके लिए 81.12 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। इसके तहत प्रदेश की चारों स्मार्ट सिटी और राजमार्गों के 262 स्थानों पर 591 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। इससे राज्य में ईवी चार्जिंग के ढांचे को मजबूती मिलेगी।
- प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत जयपुर में 112, अजमेर में 49, उदयपुर में 39, कोटा में 28 और 34 चार्जिंग स्टेशन राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर लगाए जाएंगे

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) 5वीं ओपन सेंट्रल एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम में राजस्थान के लोकेंद्र सिंह राठौड़, मान सिंह शेखावत, अश्लेश पंवार व वीरभद्र सिंह का चयन हुआ है।

(B) ताशकंद (उज़्बेकिस्तान) में चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- ताशकंद (उज़्बेकिस्तान) में 5 अप्रैल तक आयोजित हो रही 5वीं ओपन सेंट्रल एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय पुरुष टीम में राजस्थान के लोकेंद्र सिंह राठौड़, मान सिंह शेखावत, अश्लेश पंवार व वीरभद्र सिंह का चयन हुआ है।
- भारतीय टीम में चयनित दौसा के लोकेंद्र सिंह राठौड़ लेफ्ट विंग की पोजीशन पर खेलते हैं, जयपुर मान सिंह शेखावत राइट बैक पर जबकि जयपुर के ही अश्लेश पंवार राइट विंग की पोजीशन पर,वहीं बांसवाड़ा के वीरभद्र सिंह सेंटर बैक पर खेलते है।

**03. हाल ही में फलोदी जिले की पैरा एथलीट प्रियंका बिश्नोई ने भुवनेश्वर में आयोजित 24वीं पैरा नेशनल चैंपियनशिप में डिस्कस थ्रो स्पर्धा में कौनसा पदक जीता है?**

(A) रजत पदक

(B) स्वर्ण पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- फलोदी जिले की बाप पंचायत समिति के सोनलपुरा गांव की पैरा एथलीट प्रियंका बिश्नोई ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है।
- उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित 24वीं पैरा नेशनल चैंपियनशिप में प्रियंका ने डिस्कस थ्रो स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतते हुए 23.69 मीटर का नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया।
- प्रियंका ने इस प्रतियोगिता में हरियाणा की एशियाई स्तर की गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी लक्ष्मी को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) हरियाणा) में आयोजित फ्लैग फुटबॉल लीग चैंपियनशिप 2025-26 में राजस्थान ने 3 स्वर्ण + 1 रजत पदक जीते

(B) भारत में पहली बार 5-ऑन-5 फ्लैग फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप 2025–26 का आयोजन

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- रोहतक (हरियाणा) में आयोजित फ्लैग फुटबॉल लीग चैंपियनशिप 2025-26 में राजस्थान ने 3 स्वर्ण + 1 रजत पदक जीते

जूनियर बालिका वर्ग – स्वर्ण पदक (चंडीगढ़ को हराकर)

- जूनियर बालक वर्ग – स्वर्ण पदक (कर्नाटक को हराकर)
- सीनियर पुरुष वर्ग – स्वर्ण पदक (बिहार को हराकर)
- सीनियर महिला वर्ग – रजत पदक
- भारत में पहली बार 5-ऑन-5 फ्लैग फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप 2025–26 का आयोजन 26-29 मार्च 2026 तक रोहतक, हरियाणा में किया

**05. राजस्थान की ट्यूलिप ओझा 21-24 मई तक कहां आयोजित होने वाली सीनियर एशियन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में हिस्सा लेगी ?**

(A) मंगोलिया

(B) मलेशिया

(C) सिंगापुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान की ट्यूलिप ओझा 21-24 मई तक मंगोलिया में होने वाली सीनियर एशियन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में हिस्सा लेगी।
- ट्यूलिप का चयन अंडर-46 किलो कैटेगरी में हुआ है।
- ट्यूलिप 2024 में जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भी हिस्सा ले चुकी हैं।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

जयपुर, शनिवार, 28 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-38

1. **पीएम**-कुसुम योजना के 'कम्पोनेंट-ए' के तहत सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में राजस्थान का देश में कौन सा स्थान है?
(A) प्रथम
(B) द्वितीय
(C) तृतीय
(D) चतुर्थ

2. **फीडर** लेवल सोलराइजेशन में श्रेष्ठ उपलब्धि के लिए जनवरी 2026 में ऑल इंडिया डिस्कॉम्स एसोसिएशन द्वारा राजस्थान डिस्कॉम्स को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
(A) सिल्वर अवॉर्ड
(B) ब्रॉन्ज अवॉर्ड
(C) प्लेटिनम अवॉर्ड
(D) गोल्ड अवॉर्ड

3. **राज्य** सरकार की 'लाडो प्रोत्साहन योजना' के तहत बेटी के जन्म पर कुल कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है?
(A) 50 हजार रुपये
(B) 1 लाख रुपये
(C) 1.50 लाख रुपये
(D) 2 लाख रुपये

4. **आंगनबाड़ी** केंद्रों पर राज्य में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए 'शाला पूर्व शिक्षा' गतिविधियों के सफल संचालन के लिए किन वर्कबुक का उपयोग किया जा रहा है?
(A) उमंग, तरंग एवं किलकारी
(B) मुस्कान, प्रयास एवं प्रगति
(C) बाल सखा, उमंग एवं तरंग
(D) नन्हे कदम, किलकारी एवं चेतना

5. **राजस्थान** में महिलाओं एवं बालिकाओं की मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालयों पर कौन से केंद्र संचालित किए जा रहे हैं?
(A) शक्ति केंद्र
(B) पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र
(C) अमृता सहायता केंद्र
(D) गार्गी परामर्श केंद्र

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today, Quiz:

**Q. राजस्थान के सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु क्या निर्धारित की गई है**

(A) 5 वर्ष

(B) 3 वर्ष

(C) 2 वर्ष

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine